## बैरियर लूटकांड का खुलासा, 48 घंटे में 8 आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 11 अप्रैल।** दिनारा थाना क्षेत्र के सिकंदरा बैरियल स्थित शासकीय निवास में हुई सनसनीखेज लूट और मारपीट की वारदात का पुलिस ने महज 48 घंटे में खुलासा कर दिया। इस मामले में शामिल सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान भी बरामद कर लिया गया है।



जानकारी के अनुसार, घटना 9 अप्रैल की रात की है, जब आरोपियों ने फरियादिया के शासकीय आवास में जबरन घुसकर दरवाजा तोड़ा, मारपीट की और नगदी व सामान लूटकर फरार हो गए। साथ ही, मौके पर मौजूद कर्मचारी चंदन गुप्ता के साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की गई थी। इस पर थाना दिनारा में अपराध क्रमांक 72/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने ताबड़तोड़ दबिश देकर आरोपियों राजगुरु उर्फ छोटू यादव उम्र 33 वर्ष, सोना उर्फ ऋषभ यादव उम्र 23 वर्ष, सहदेव यादव उम्र 28 वर्ष, महेन्द्र यादव उम्र 39 वर्ष, दीपक उर्फ भइयन उम्र 33 वर्ष, कुन्दन यादव उम्र 39 वर्ष, विक्की केवट उम्र 33 वर्ष और अनिल उर्फ बल्लू यादव उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी ग्राम दिनारा के निवासी हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया माल भी बरामद कर लिया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी करैरा विनोद छावई, चौकी प्रभारी हिम्मतपुर धर्मेन्द्र सिंह गुर्जर, चौकी प्रभारी सुनारी चेतन शर्मा, थाना प्रभारी सुरवाया अरविंद्र छारी, थाना प्रभारी अमोला अंशुल गुप्ता सहित पुलिस टीम के चरण सिंह, डैनी कुमार, हरेन्द्र गुर्जर, रामअवतार सिंह, मत्स्येन्द्र सिंह, राधेश्याम जादौन, सुरेन्द्र सिंह, सोनू श्रीवास्तव, विकास भारद्वाज और राघवेन्द्र पाल की अहम भूमिका रही।

### गल्ला मंडी से कट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**करैरा, 11 अप्रैल।** करैरा थाना पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए एक युवक को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संभावित वारदात को टाल दिया। करैरा थाना प्रभारी विनोद सिंह छावई के अनुसार, मुखबिर सूचना पर पुलिस गल्ला मंडी परिसर पहुंची, जहां संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नबल पुत्र बालकिशन जाटव 25 वर्ष निवासी ग्राम दाबरअली, थाना सीहोर जिला शिवपुरी बताया। तलाशी में उसकी कमर से 315 बोर का देशी कट्टा और जेब से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वैध लाइसेंस न होने पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी विनोद छावई, सउनि चरण सिंह, प्रधान आरक्षक डैनी कुमार, आरक्षक हरेन्द्र गुर्जर, रामअवतार सिंह, मत्स्येन्द्र सिंह, सोनू श्रीवास्तव, विकास भारद्वाज और राघवेन्द्र पाल की अहम भूमिका रही।



## इमलिया गांव में गेहूं की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान

**नरवर, 11 अप्रैल।** नरवर जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिमरिया के इमलिया गांव में आज अचानक आग लगने से लगभग 40- 50 एकड़ रकबा में खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई, गेहूं की खड़ी फसल जलने से किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने प्रशासन को दी गई तत्काल नरवर तहसीलदार एवं राजस्व अमला,एवं करैरा विधायक रमेश प्रसाद खटीक व ग्राम के सरपंच शैलेन्द्र इंदर सिंह रावत के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान प्रभावित कृषक परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। संबंधित अधिकारियों को त्वरित राहत एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए एवं विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने अपनी ओर से पीड़ित किसानों को एक एक हजार



रु. बीघा देने की घोषणा कि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित किसानों को भरोसा दिलाया कि जल्द मुआवजा दिलाया जाएगा।

### लिपिक संघ को मिला नया नेतृत्व, रूपेश बने ब्लॉक अध्यक्ष

**शिवपुरी।** म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, जिला शाखा शिवपुरी द्वारा संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह जादौन ने रूपेश जैन को करैरा तहसील का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति से करैरा तहसील के कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है और संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



## मेलों के आयोजन से बढ़ता है भाईचारा : राठौर

**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 11 अप्रैल।** नरवर जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सोनहर के नाहरसिह बाबा मंदिर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन के आज अंतिम दिवस पर भितरवार विधायक मोहनसिह राठौर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेलों की आयोजनो से आपसी भाईचारा बढ़ता है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए जिससे ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर आने वाले पहलवान तहसील,जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करते हैं तथा भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा की आज सोनहर पंचायत में आयोजित मेले में दंगल कुश्ती के आयोजन में शिवपुरी, ग्वालियर ,भिंड, मुरैना, आगरा आदि क्षेत्र से आए पहलवानों ने कुश्ती दंगल में भाग लिया है उनको बहुत-बहुत धन्यवाद तथा सोनहर सरपंच श्रीमती प्रीति भोला फौजी का भी आभार जताया तथा युक्त अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह पाल ने नाहरसिह बाबा मंदिर प्रांगण में कुश्ती दंगल के लिए 10 लख रुपए देने की घोषणा की युक्त मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया मेले में अखिल भारतीय नाल,दंगल प्रतियोगिता का भी आयोजन आयोजक समिति सोनहर सरपंच श्रीमती प्रीति भोला फौजी एवं जनवेद सिह, किशन सिंह, शिवराज सिंह, हरिओम जनपद सदस्य, पंजाब सिंह गुर्जर, रामअवतार सिंह सिकरवार, गोपालसिह बेस, लखन सिंह वैस, भूपेंद्र सिंह गुर्जर, उदयभान सिंह, साहब सिंह गुर्जर, अजमेर सिंह वैस, प्रतिपाल सिंह ने मुख्य अतिथि भितरवार विधायक मोहन सिंह राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपालसिह पाल, संदीप महेश्वरी, लोकपाल सिंह लोधी, हेमंत शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, संतोष राजपूत क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष, कमलेश रावत पूर्व मंडल अध्यक्ष, भवानीशंकर कोरकू , शैलेंद्र सिंह रावत सरपंच सिमरिया, रामनिवास शर्मा, कैलाश कुशवाहा, मोहर सिंह राजावत, इमरत सिंह कुशवाह आदि मंचासीन अतिथियों को माला पहनाकर एवं शोल उड़ाकर आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया युक्त मेले में दंगल कुश्ती विजेता हरेंद्र पहलवान आगरा को 11000 का पुरस्कार विधायक मोहन सिंह राठौर द्वारा एवं द्वितीय कुश्ती विजेता पहलवान भारत मुरैना को 5100 रुपए का पुरस्कार भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव द्वारा एवं तृतीय विजेता पहलवान बल्लू मुरैना को 3100 रुपए का पुरस्कार संदीप महेश्वरी एवं गोपालसिह पाल द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया एवंनाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सचिन सिंह गुर्जर सीहोर द्वारा 121 किलो का नाल उठाने पर 9100 सौ के पुरस्कार से एवं द्वितीय पुरस्कार विजेता शैलू कांकर द्वारा 105 किलो का नाल उठाने पर 1100 से सरपंच श्रीमती प्रीति भोला फौजी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किए गए तथा वही मुगद्दर प्रतियोगिता में प्रथम विजेता विनोद रायपुर ग्वालियर को 1100 द्वितीय मुगद्दर विजेता पहलवान शैलू राजावत कांकर को ?500 का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया विदित हो कि तीन दिवसीय मेले का आज आखिरी दिवस था। उक्त मेले का आयोजन ग्राम पंचायत सोनहर सरपंच श्रीमती प्रीति भोला फौजी द्वारा मेले का आयोजन किया।

### 315 बोर कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**शिवपुरी।** बैराड़ थाना पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संभावित वारदात को टाल दिया। बैराड़ टीआई सुरेश शर्मा के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक पुराने रेस्ट हाउस के पीछे 315 बोर का कट्टा लेकर संदिग्ध हालत में घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के आधार पर युवक को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अनीकेत पुत्र मुकेश रावत उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 न्यू कॉलोनी बैराड़ बताया।

## मानव श्रृंखला बनाकर टीईटी का बदरवास में शिक्षकों ने जताया विरोध

**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 11 अप्रैल।** शिक्षक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में बदरवास में शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता का विरोध करते हुए और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर शनिवार को शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक परिसर में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित शिक्षक शिक्षिकाओं ने रैली के रूप में निकलकर नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी प्रकट की और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम बदरवास तहसीलदार सचिन भार्गव को ज्ञापन सौंपा।




**मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, उपस्थित शिक्षकों ने नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की उठाई मांग**

शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में मांग रखी कि शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रदेश सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करे। पहले से ही निर्धारित परीक्षा या योग्यता के बाद नियुक्त हुए शिक्षकों के लिए यह आदेश उनके सम्मान और हितों के विपरीत है। शिक्षकों ने रैली के रूप में टीईटी के काले कानून को वापिस लो, 'शिक्षकों का अपमान,नहीं सहेगा हिंदुस्तान' आदि नारे लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। ज्ञापन में शिक्षकों ने अपनी दूसरी प्रमुख मांग नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लागू करने को भी जोर शोर से उठाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लागू करना ही न्यायसंगत और तर्कसंगत समाधान है।

शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने कठिन परिश्रम और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से अपनी योग्यता सिद्ध की है, लेकिन वर्तमान नीतियों के चलते उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। वर्ष 2010 में लागू आरटीई एक्ट के अंतर्गत जो टीईटी की अनिवार्यता जोड़ी गई थी वह पूर्व से कार्यरत शिक्षकों पर लागू करना न्यायोचित नहीं है। शिक्षकों ने शासन से टीईटी की अनिवार्यता आदेश को रद्द कर शीघ्र ही पुनर्विचार याचिका लगाने और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने की मांग की है जिससे 15 से 20 वर्षों की सेवा की गणना हो सके। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकों ने एकजुटता का परिचय देते हुए विरोध कार्यक्रम में सहभागिता की।



## रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रह, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**शिवपुरी, 11 अप्रैल।** सेवा और समर्पण की भावना के साथ पंजाबी परिषद शिवपुरी द्वारा स्थानीय नक्षत्र गार्डन में एक प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सुनील कुमार भुगरा एडवोकेट की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के महिला-पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 50 यूनिट रक्तदान हुआ, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा। खास बात यह रही कि इस आयोजन में 6 से 7 युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाजसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। परिषद के इंद्रजीत चावला और पुनीत भसीन ने बताया कि संस्था लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर रही है और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। ब्लड बैंक की ओर से डॉ. नीरजा केन प्रभारी एवं भानु प्रताप रैकवार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### भाजपा की जिला कार्यकारिणी बैठक आज

**शिवपुरी, 11 अप्रैल।** भाजपा की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय कोठी नंबर-1, दो बत्ती चौराहा पर आयोजित होगी। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक को संगठनात्मक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिला पदाधिकारियों के साथ संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, अभियानों और संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और जनसंपर्क अभियानों को गति देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।

## रात में सड़कों पर उतरे टीआई, असामाजिक तत्वों में हड़कम्प

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 11 अप्रैल।** शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोतवाली थाना प्रभारी रोहित दुबे एक्शन मोड में नजर आए। शुक्रवार रात उनके नेतृत्व में पुलिस बल ने सड़कों पर उतरकर जोरदार फ्लैग मार्च निकाला और सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया और शहर में सुरक्षा का माहौल नजर आया।



बस स्टैंड से लेकर माधव चौक तक निकाले गए पैदल फ्लैग मार्च के दौरान टीआई दुबे खुद मोर्चा संभाले रहे। पोहरी बस स्टैंड, फतेहपुर चौराहा, सराफा बाजार और माधव चौक जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ने देर रात तक चेकिंग की। खासतौर पर बस स्टैंड इलाके में, जहां असामाजिक तत्वों और शराबियों के जमावड़े की शिकायतें मिल रही थीं, वहां संदिग्ध लोगों से कड़ी पूछताछ की गई। टीआई रोहित दुबे ने टीम के साथ बाजारों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस वाहनों के सायरन और भारी बल की मौजूदगी से जहां आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा, वहीं गलत गतिविधियों में लिप्त लोगों में डर साफ दिखाई दिया। टीआई दुबे ने साफ चेतावनी दी कि शहर में शांति भंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। देर रात बेवजह घूमने वालों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक ने भंडारे में पाई प्रसादी

**शिवपुरी, 11 अप्रैल।** क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र जैन शनिवार को जनसंपर्क और सामाजिक सरोकारों के बीच सक्रिय नजर आए। उन्होंने एक ओर धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर आस्था प्रकट की, तो दूसरी ओर अस्वस्थ वरिष्ठ नागरिक के घर पहुंचकर संवेदनशीलता का परिचय दिया। विधायक जैन अरविंद लाल दीवान कथा मिल वाले के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर पहुंचे। विष्णु मंदिर में चल रही कथा के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य भंडारे में उन्होंने प्रसादी ग्रहण की और दीवान परिवार सहित श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने धार्मिक माहौल में सहभागिता करते हुए आध्यात्मिक चर्चा भी की। इसके बाद विधायक जैन भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिहर शर्मा के निवास पर पहुंचे, जिनकी हाल ही में ओपन हार्ट सर्जरी हुई है। विधायक ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और परिजनों से चर्चा कर कुशलक्षेम जाना। उन्होंने शर्मा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।



## हितग्राहियों को मिला विकास का तोहफा, कोलारस में सम्मेलन से सैकड़ों को लाभ

**शिवपुरी, 11 अप्रैल।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कोलारस जनपद पंचायत प्रांगण में विकासखंड स्तरीय हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया गया, जहां जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

वहीं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने अंबेडकर जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। जनपद सीईओ दिनेश शाक्य ने योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए पारदर्शिता और समयबद्धता की बात कही। इस अवसर पर ब्लॉक मैनेजर संजय सिंह चौहान, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में खंड स्तरीय हितग्राही सम्मेलन आयोजित

**नरवर, 11 अप्रैल।** आज नरवर जनपद प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में खंड स्तरीय हितग्राही सम्मेलन का आयोजन जनपद पंचायत नरवर द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रमेश प्रसाद खटीक विधायक करेरा ,अतिथि गोपालसिह पाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष, अंशुमान सिंह रावत जिला पंचायत सदस्य, सुरेंद्र कोली कांकर जिला पंचायत सदस्य ,तहसीलदार विजय कुमार त्यागी, नायब तहसीलदार ,इमरत सिंह कुशवाहा भाजपा मंडल अध्यक्ष, नारायण सिंह बघेल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ,रवि रमन पाराशर परियोजना अधिकारी ने सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर तिलक लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की, युक्त खंड स्तरीय हितग्राही सम्मेलन के अवसर पर करैरा विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने भाजपा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सम्मेलन में आए सैकड़ो लोगों को दी,तथा विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों,लाडली लक्ष्मी योजना, समूहो की महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर लाभान्वित किया गया, युक्त खंड स्तरीय सम्मेलन में नरवर जनपद का समस्त स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि, सरपंच ,सचिव ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ताओ के अलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### रामगढ़ से बचकर गांवों में घुस रहे भारी वाहन

**शिवपुरी, 11 अप्रैल।** रामगढ़ टोल टैक्स बचाने के फेर में भारी वाहन अब वैकल्पिक ग्रामीण मार्गों का सहारा ले रहे हैं, जिससे गांवों की सड़कों पर खतरा बढ़ गया है। ट्रक और डंपर इधर से गुजरते हुए नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत सख्ती दिखाते हुए ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि राजस्व नुकसान के साथ-साथ जनहानि की आशंका को भी रोका जा सके।

### वरिष्ठ पत्रकार बांझल के पिता एवं पत्रकार समाधिया के चाचा का निधन



**शिवपुरी।** वरिष्ठ पत्रकार संजीव बाँझल के पिता डॉ. एम.के. बाँझल का आज प्रात: 4:50 बजे निधन हो गया। वहीं पत्रकार देवेंद्र समाधिया के चाचा दिनेश शर्मा का रात्रि लगभग 3 बजे आकस्मिक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भी मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। दोनों ही दुखद घटनाओं से शहर में शोक की लहर है।

## ढाई बजे बंद मिला शास . हाईस्कूल, 12 बजे ही ताला लगाकर चले गए शिक्षक !

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 11 अप्रैल।** शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला एक मामला सामने आया है। शासकीय एकीकृत हाई स्कूल अगर्रा में शनिवार को दोपहर ढाई बजे स्कूल पूरी तरह बंद मिला। जब आसपास मौजूद बच्चों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि सुबह दो-तीन शिक्षक स्कूल आए थे, लेकिन लगभग 12 बजे ही स्कूल में ताला लगाकर चले गए।




स्कूल समय से पहले बंद होने के कारण कई छात्र-छात्राएं मायूस होकर लौटते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है, वहीं शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। मामले को लेकर जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी अबदेश सिंह तोमर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रभारी शिक्षक को शासकीय कार्य से पोहरी बुलाया गया था। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि बाकी स्टाफ किसकी अनुमति से स्कूल बंद कर चला गया, यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

**इनका कहना है**

प्रभारी शिक्षक को शासकीय कार्य से पोहरी बुलाया था लेकिन और शिक्षकों ने स्कूल का ताला क्यों लगा दिया में दिखवा लेता हूं यदि बात सही निकली तो में जितने भी शिक्षक शाला में है नोटिस देकर जवाब लिया जाएगा और जवाब से यदि संतुष्ट नही हुआ तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। **अवधेश सिंह तोमर, बीइओ पोहरी**

## आयुष्मान केंद्र आरोग्य मंदिर बना ताला केंद्र, दोरानी के ग्रामीण इलाज को 20 किमी भटकने को मजबूर

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 11 अप्रैल।** सरकार भले ही गांव-गांव स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जनपद पंचायत पोहरी की ग्राम पंचायत दोरानी में हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यहां लाखों रुपये की लागत से बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) ज्यादातर समय बंद रहता है और अब यह 'ताला केंद्र' बनकर रह गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह उप स्वास्थ्य केंद्र महीने में महज एक-दो बार ही खुलता है। हालत यह है कि सर्दी-जुकाम, खांसी जैसे सामान्य इलाज के लिए भी लोगों को करीब 20 किलोमीटर दूर पोहरी का रुख करना पड़ता है। आपात स्थिति में तो मरीजों की परेशानी और भी बढ़ जाती है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब केंद्र के संचालन के लिए सरकार हर साल बजट जारी कर रही है, तो आखिर जिम्मेदार कर्मचारी कहां हैं? क्या अधिकारियों को इस बदहाली की खबर नहीं, या फिर सब कुछ जानकर भी अनदेखी की जा रही है? ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उप स्वास्थ्य केंद्र पर न तो नियमित स्टाफ आता है और न ही दवाइयों की कोई व्यवस्था है। भवन खड़ा है, लेकिन उसमें न सेवा है, न संवेदना, सिर्फ ताला लटक रहा है।




गांव के लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो सरकारी योजनाएं केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करते हुए केंद्र को नियमित रूप से खोलने, स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने और दवाइयों की उपलब्धता कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर लापरवाही पर कब तक आंखें मूंदे रहते हैं, या फिर दोरानी के ग्रामीणों को यूं ही इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा।

**इनका कहना है**

मामला संज्ञान में आया है और आज टीकाकरण है और आज यदि उप स्वास्थ केंद्र बंद है तो में जांच करवा लेता हूं यदि कर्मचारियों द्वारा उपस्वास्थ केंद्र नही खोला जा रहा है और लापरवाही की जा रही है तो में कार्यवाही करूंगा

**नवल अग्रवाल,**
बीएमओ पोहरी